# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट थाना -कादरीगेट

**दिनांक :-09.10.2025**

## थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा आतिशबाजी से भरे 19 अदद कार्टून के साथ 02 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण 1. अभिषेक गुप्ता पुत्र अमरीश गुप्ता निवासी खतराना थाना कोतवाली फर्रूखाबाद जनपद फर्रूखाबाद उम्र 23 वर्ष 2. मो0 राशिद पुत्र खलील निवासी समधन थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज उम्र 30 वर्ष को आतिशबाजी से भरे **19 अदद कार्टून** एवं बोलेरो पिकअप रजिस्ट्रेशन संख्या UP 74 T 7103 व 620 रूपये नगद के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 319/25 धारा 05/9B(1)(b) विस्फोटक अधिनियम -1884 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1.अभिषेक गुप्ता पुत्र अमरीश गुप्ता निवासी खतराना थाना कोतवाली फर्रूखाबाद जनपद फर्रूखाबाद।

2.मो0 राशिद पुत्र खलील निवासी समधन थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज।

**घटना का विवरण:-** थाना कादरीगेट पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक बोलेरो पिकअप नम्बर UP 74 T 7103 जिसमें अवैध पटाखे भरे हुए है दो व्यक्ति लेकर लकूला होते हुए खतराना मोहल्ला के लिए जाने वाले है मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1.अभिषेक गुप्ता 2. मो0 राशिद को आतिशबाजी से भरे **19 अदद कार्टून** बोलेरो पिकअप रजिस्ट्रेशन संख्या UP 74 T 7103 व 620 रूपये नगद के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 319/25 धारा 05/9B(1)(b) विस्फोटक अधिनियम -1884 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि आगामी दीपावली के त्यौहार पर पटाखों की दुकान लगाते है, इसलिए अभी माल लाकर स्टाक कर रहे थे। अन्य बयान अपने वकील के माध्यम से माननीय न्यायालय के समक्ष देना बताया।

**बरामदगी का विवरण:-**

1.सन इण्डिया ब्राण्ड का चटाई पटाखा के 02 - 02 बण्डल
2.पेण्टा फ्लेश सन इण्डिया ब्राण्ड के 15 पैकेट
3.परी ब्राण्ड का 30 CM कलर स्पार्क कलरर्स 36 - 36 - 36 पैकेट
4.कुबेर ब्राण्ड 300 म्यूजिक्लस 17 पैकेट
5.रोबोट ब्राण्ड स्पेशल फ्लावर पार्टस (अनार) 8 पैकेट
6.मुर्गा छाप ग्राउण्ट चक्कर 3 बण्डल ,
7.परी ब्राण्ड स्पार्क कलरस 32 पैकेट,
8.सन इण्डिया ब्राण्ड का मिन मिनी पैण्टा 45 पैकेट
9.कैप्टन अमेरिका ब्राण्ड के 15 पैकेट,
10.सुप्रीम ब्राण्ड बारात 30 मल्टी शार्टस 8 पैकेट
11.परी ब्राण्ड कलर स्पार्क कलरस 50 पैकेट
12.हरिक्यूलस ब्राण्ड का पिक्सल के 03 पैकेट
13.कोपाय के 03 पैकेट
14.हरिक्यूलस ब्राण्ड राव्ता कलर स्काई शार्टस 12 पैकेट
15.रोबोट ब्राण्ड का स्माल फलावर पाँट्स एण्ड बण्डल 20 पैकेट
16.गोकिला ब्राण्ड एण्ड व्हील चक्कर 18 पैकेट
17.परी ब्राण्ड सिलवर क्रैकलिंग स्पार्कलस 20 पैकेट
18.मुर्गा ब्राण्ड चटाई 10 पैकेट
19.बोलेरो पिकअप रजिस्ट्रेशन संख्या UP 74 T 7103 व 620 रूपये ।

## अभियुक्त अभिषेक गुप्ता उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1.मु0अ0सं0 319/25 धारा 05/9B(1)(b) विस्फोटक अधिनियम -1884 थाना कादरीगेट जनपद फर्रूखाबाद

## अभियुक्त मो0 राशिद उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1.मु0अ0सं0 319/25 धारा 05/9B(1)(b) विस्फोटक अधिनियम -1884 थाना कादरीगेट जनपद फर्रूखाबाद

## गिरफ्तार करने वाली थाना कादरीगेट पुलिस टीमः-

01.प्र0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह
02.उ0नि0 विशेष कुमार
03.उ0नि0 कपिल कुमार कुशवाह
04. का0 अनुज कुमार
05.का0 अमित कुमार सैनी

**मीडिया सेल फतेहगढ़**

# फतेहगढ़ पुलिस

**प्रेस नोट- थाना कायमगंज**

**दिनांक :- 09.10.2025**

## थाना कायमगंज पुलिस द्वारा नाबालिग को शादी के उद्देश्य से भगा ले जाने वाला अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे एवं **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम में थाना कायमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 219/25 धारा 137(2)/87/352/131 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित/नामजद अभियुक्त करन पुत्र श्यामबाबू को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



**अभियुक्त का नाम व पता:-**

1. करन पुत्र श्यामबाबू निवासी ग्राम परम नगर रायपुर खास थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद

**घटना का विवरण:-** वादी द्वारा दिनांक 21.09.2025 को तहरीर दी कि अभियुक्तगण द्वारा प्रार्थी की नाबालिग भतीजी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा विरोध करने पर गाली गलौज कर मारने के लिए आमादा होने के संबन्ध में दाखिल किया गया। जिसके आधार पर थाना कायमगंज पर मु0अ0सं0 219/25 धारा 137(2)/87/352/131 बीएनएस बनाम करन आदि 03 नफर के पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में अभियुक्त करन पुत्र श्यामबाबू को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** अपनी सफाई अपने अधिवक्ता के माध्यम से माननीय न्यायालय में देना बताया।

## अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 219/25 धारा 137(2)/87/352/131 बीएनएस थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद।

## गिरफ्तार करने वाली थाना कायमगंज टीम:-

1. उ0नि0 अवधेश कुमार
2. का0 सचिन कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन






मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र
1090 108 181 102 1076 1098 112

# क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद



# मिशन शक्ति 5.0




फतेहगढ़ पुलिस लाइन ग्राउंड में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बालिकाओं के लिए एक सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं व महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया




उत्तर प्रदेश
112
आपात सेवाएं
मिशन शक्ति 5.0
थाना- राजेपुर
1090
108
181
महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र
102
1076
1098
112
UTTAR PRADESH
112
EMERGENCY
SAFE CITY
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

खबरों का दंगल

# मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत कृष्णा देवी पीजी कॉलेज में छात्राओं को किया गया जागरूक

खबरों का दंगल संवाददाता
दीपचंद्र दीक्षित ब्यूरो चीफ



**फर्रुखाबाद।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत कृष्णा देवी पीजी कॉलेज, आवास विकास, जनपद फर्रुखाबाद में गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला थानाध्यक्ष, फर्रुखाबाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब किसी भी स्थिति में चुप रहने की जरूरत नहीं है। सरकार द्वारा संचालित 1090, 181, 112, 1076 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से महिलाएं तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कॉलेज की प्राचार्या ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षित और जागरूक होकर समाज में अपनी मजबूत पहचान बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग की महिला कर्मियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के कुछ बुनियादी तकनीकी उपायों का प्रदर्शन भी किया। साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचाव के तरीके बताए। अंत में कॉलेज की छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण पर नाटक और गीत प्रस्तुत कर समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षकगण, छात्राएं, महिला पुलिसकर्मी एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मीडिया सेल फतेहगढ़

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

समृद्धि न्यूज

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने बनायी सुंदर रंगोली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत गुरुवार को मिशन शक्ति-नारी प्रेरणा की प्रतिमूर्ति विषय पर पुष्प रंगोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए यह प्रदर्शित कर दिखाया कि पुष्प व पत्तियों से बहुत ही सुंदर रंगोलिया का प्रदर्शन किया।



रंगोली बनाती छात्राएं

सभी विद्यार्थियों ने विषय को परिलक्षित करते हुए विषय को साकार कर दिखाया। मिशन शक्ति की संयोजकता डॉ. शालिनी ने नैतिक व सांस्कृतिक विकास, आर्थिक मजबूती और समाज की प्रगति, राष्ट्र के विकास में सहयोग एवं आगे आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करना तथा समाज में होने वाली कुरीतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की सदस्य डॉ. अनामिका सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को आगे भी प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। मिशन शक्ति के अंतर्गत होने वाली पुष्प रंगोली में महिलाओं के सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान का संदेश दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अंकिता, मुस्कान, प्रज्ञा, अमित, बबली, आरुष, आशुतोष आदि ने रंगोली के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दी।

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति की विशेष सराहना करते हुए आगे भी मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया। पुष्पेंद्र, सलोनी कटेरिया, आकृति, ज्योति, बबली, अनामिका, मयंक, जयकिशन, सोनाली, सौम्या, मुस्कान आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया।

मीडिया सेल फतेहगढ़